भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2042**

**01 अगस्त, 2023 को उत्तर के लिए नियत**

**"पश्चिम बंगाल में भारी उद्योग"**

**2042. श्री सुनील कुमार मंडल:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पश्चिम बंगाल में कृषि आधारित जिला पूर्वी बर्धमान के अंतर्गत लोगों और जिले की वृद्धि और विकास के लिए किसी प्रकार का भारी उद्योग स्थापित करने पर विचार किया है;

(ख) यदि हां, तो वर्तमान में और आगामी वर्ष 2024 में इस संबंध में भविष्य के कदमों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)**

(क): चूंकि उद्योग राज्य का विषय है, इसलिए भारी उद्योग मंत्रालय पश्चिम बंगाल राज्य सहित देश के किसी भी भाग में भारी उद्योग की स्थापना से जुड़ा नहीं है।

(ख) एवं (ग): प्रश्न नहीं उठता।

***